# समाचार वाणी
ख़बर जो करें असर !

नाशिक | Tuesday, 18 August 2026


# ‘विदआउट प्रेजुडिस’ से गुरु रंधावा का नया गाना ‘किथे वसदे ने’ हुआ रिलीज़।


Publisher

Published on 31 May 2025





## वॉर्नर म्यूज़िक इंडिया के साथ गुरु रंधावा ने लॉन्च किया दूसरा वीडियो ट्रैक, ‘कतल’ के बाद फिर बना रहा दर्शकों पर जादू।

**मुंबई :** पंजाबी म्यूज़िक इंडस्ट्री के मशहूर गायक **गुरु रंधावा** ने अपने पहले स्वतंत्र एल्बम ‘**Without Prejudice**‘ का दूसरा आधिकारिक म्यूज़िक वीडियो ‘**किथे वसदे ने**‘ रिलीज़ कर दिया है। यह वीडियो उनके आधिकारिक **यूट्यूब चैनल पर प्रीमियर** हुआ और फैंस के बीच जबरदस्त उत्साह देखने को मिला।

इस गाने को गुरु रंधावा ने खुद गाया है, जबकि इसके गीत यंगवीर द्वारा लिखे गए हैं और संगीत मंदीप पंघाल ने दिया है। वीडियो का निर्देशन **हैरी सिंह** और **प्रीत सिंह** ने किया है, जो गाने को एक भावनात्मक और विजुअल गहराई देते हैं।

‘**कतल**‘ की सफलता के बाद ‘**किथे वसदे ने**‘ भी मचा रहा धमाल

एल्बम के पहले गाने ‘**कतल**‘ ने पहले ही **55 मिलियन** से अधिक व्यूज़ के साथ वैश्विक स्तर पर धूम मचा दी थी। अब ‘**किथे वसदे ने**‘ भी उसी राह पर चलते हुए दर्शकों को अपने भावुक बोल, **आकर्षक धुन** और **गुरु रंधावा** की खास अंदाज़ से जोड़ने में सफल रहा है।

गाने की गहराई और रंधावा की अभिव्यक्ति इसे सिर्फ एक म्यूज़िक वीडियो नहीं, बल्कि एक कहानी बना देती है। एल्बम ‘**विदआउट प्रेजुडिस**‘ के सभी नौ गाने विभिन्न भावनाओं और अनुभवों को दर्शाते हैं, जो गुरु रंधावा की वर्सेटाइल गायकी को उजागर करते हैं।

**अंतरराष्ट्रीय स्तर पर बढ़ रही लोकप्रियता**

गुरु रंधावा इस एल्बम के साथ ही अपने हालिया सिंगल ‘**Vibe**’ की सफलता का भी आनंद ले रहे हैं। चाहे रोमांटिक गाना हो या

पार्टी ट्रैक, उनकी आवाज़ और प्रस्तुति हर बार श्रोताओं के दिल को छू जाती है। वह न सिर्फ राष्ट्रीय स्तर पर, बल्कि अंतरराष्ट्रीय मंचों पर भी अपनी पहचान मजबूत कर चुके हैं।

ऐसी ही देश और दुनिया की बड़ी खबरों के लिए फॉलो करें: www.samacharwani.com

---

DISCLAIMER: the views/contents expressed/presented herein, within this advertorial and promotional feature are the sole and exclusive responsibility of individual clients/expert/their authorised representative/Publisher, to which effect, publication house/its representative/affiliates are not responsible/liable whatsover.